फैक्स / मेल

PWD Uttarakhand

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड़।

Office of the Engineer in Chief, PWD, Dehradun Uttarakhand

E-mail: cepwdua@rediff.com **Web-http://govt.ua.nic.in/pwd**

पत्रांक 962 /01 मा0ग्रा0-50/2014 देहरादून, दिनांक 20 नवम्बर, 2014

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता/रा० मा०/ADB.
लोक निर्माण विभाग,
देहरादून / पौड़ी / अल्मोड़ा / हल्द्वानी।

विषय :— नवनिर्मित मार्गों के क्षतिग्रस्त होने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक में शासन द्वारा अवगत कराया गया है कि आपके क्षेत्रान्तर्गत कतिपय नवनिर्मित मार्ग कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त अवस्था में है। नवनिर्मित सभी मार्गों का आप स्वयं निरीक्षण कर देखें कि ऐसे कौन–कौन से मार्ग है तथा इनका क्षतिग्रस्त होने का कारण क्या है, यदि गुणवत्ता में कमी है तो इसमें सम्बन्धित अधिकारियों के विरूद्ध उत्तरदायित्व निर्धारित कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाय। इस सम्बन्ध में यह भी स्पष्ट करना है कि सभी नवनिर्मित मार्ग यदि डी0एल0पी0 के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त है तो इनको ठीक कराये जाने की पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की है तथा ऐसे मामलों में ठेकेदार के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही करते हुए नोटिस दिया जाना आवश्यक है। सम्भवतः इसका पालन नहीं हो रहा है।

अतः निर्दिष्ट किया जाता है कि आप सभी नवनिर्मित मार्गों का निरीक्षण कर अनुपालन आख्या शीघ्रतम इस कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

20/11/14

(एच0के0 उप्रेती)
प्रमुख अभियन्ता

प्रतिलिपि सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन को सूचनार्थ प्रेषित।

20.11

प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग।